आईआईएम में लीडरशिप समिट 'बिल्डिंग बिजनेस ओनर्स'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय प्रबंध संस्थान यानी आईआईएम रायपुर द्वारा दो दिवसीय 24 से 25 अगस्त तक अपने परिसर के मड़ई ऑडिटोरियम में 8वां लीडरशिप समिट आयोजित किया। 'बिल्डिंग बिजनेस ओनर्स' थीम पर आधारित इस दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न उद्योगों के प्रमुख कॉर्पोरेट नेता और विशेषज्ञ एकत्र हुए। उन्होंने बदलते व्यावसायिक परिदृश्य में नेतृत्व पर चर्चा की, जिसमें टिकाऊ और समावेशी प्रक्रियाओं पर विशेष जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूपेश संघवी, संस्थापक और सीईओ, एर्गोड और विशिष्ट अतिथि कमोलिका गुप्ता पेरेस, पूर्व में सर्विस नाउ की वक्तृत्व से शोभायमान हुआ। मुख्य अतिथि श्री संघवी ने इस प्रतिष्ठित सम्मेलन के लिए आभार व्यक्त किया और उद्यमशील मानसिकता, सक्रिय नेतृत्व, स्व-अध्ययन की शक्ति और आधुनिक व्यवसाय में एआई के महत्व पर जोर दिया।

कर्मचारियों के कॅरियर विकास के लिए भी लाभदायक

आईआईएम के निदेशक प्रो. रामकुमार काकानी ने संगठनात्मक मूल्य और कर्मचारियों के विकास में नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "नेतृत्व प्रभावी प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जो संगठन के संसाधनों का उपयोग करके उसके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। प्रभावशाली नेता कर्मचारियों को प्रेरित करते हैं और मार्गदर्शन देते हैं, जो उनके कॅरियर विकास के लिए भी लाभदायक है।" विशिष्ट अतिथि कमोलिका गुप्ता, ग्रुप वाइस प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर (पूर्व) सर्विस नाउ ने सामने आने वाले अवसरों को अपनाने और अनजाने रास्तों पर चलने पर चर्चा की।

Haribhumi 14